ख़ौफ़ बाद में जूड़ी बुख़ार की शक्ल एख्तियार कर लेता है यानी ठंडी के साथ बुख़ार है लेकिन सर में दर्द नहीं है तो ये ख़ौफ़ का डर का बुख़ार है, अब मैं इलाज बता रहा हूँ अगर आपको सिर्फ बुख़ार की बीमारी है तो **दायमी बुख़ार टैब्लेट** को इस्तेमाल करने से मुकम्मल आराम होजाता है, उसका तरीक़ा इस्तेमाल ये है की बहुत तेज़ बुख़ार है तो पहली ख़ुराक में पाँच टैब्लेट एक साथ खाली पेट सादा पानी से इस्तेमाल करें इसी तरह दूसरी तीसरी ख़ुराक इस्तेमाल करके दो टैब्लेट सुबह खाली पेट दो टैब्लेट **दायमी बुख़ार** शाम के वक़्त खाली पेट इस्तेमाल करें मुकम्मल आराम हो जाएगा और अगर एक साथ मलेरीया बुख़ार है या मलेरीया बुख़ार टाईफ़ाईड ये तीनों तरह की तक्लीफ एक साथ में है तो ये दो तरह का टैब्लेट एक साथ में इस्तेमाल करने से आपको मुकम्मल आरम हो जाएगा, **दायमी बुख़ार टैब्लेट** और साथ में **मलारिया हुम्मा टैब्लेट** ये दोनों टैब्लेट की जब पहली ख़ुराक और दूसरी तीसरी ख़ुराक इस्तेमाल करें तो ये तीनों ख़ुराक में पाँच टैब्लेट **दायमी बुख़ार** और पाँच टैब्लेट **मलारिया हुम्मा** दोनों को पाँच पाँच टैब्लेट सुबह शाम इस्तेमाल करें इसके बाद दोनों दवा में से दो दो टैब्लेट सुबह शाम इस्तेमाल करें ये दोनों दवा हर तरह के बुख़ार को ख़त्म करने में मदद करती है और सर्दी खांसी के लिए **इतरिफल दायमी नज़ला** का इस्तेमाल करने से हर तरह की सर्दी खांसी नज़ला ज़ुकाम को ख़त्म करने में मदद मिलती है और अगर छोटे बच्चों को बुख़ार है तो दो साल से चार साल के बच्चों को एक एक टैब्लेट सुबह शाम इस्तेमाल करें।

तरीक़ा इस्तेमाल

अगर बहुत छोटे बच्चा का बुख़ार ख़त्म नहीं हो रहा है चढ़ते उतरते रहता है तो एक एक टैब्लेट पानी में घोल कर मिल छानकर निथरा हुआ पानी सुबह शाम दो टाइम पिलाने से मुकम्मल आराम हो जाता है और अगर तीन साल से पाँच साल तक का बच्चा है तो एक एक टैब्लेट सादा पानी से खिला दें सुबह शाम और अगर छे6 साल से बारह साल तक का बच्चा है तो दो से तीन टाइम दो दो टैब्लेट खिला देने से बुख़ार उतर जाएगा इसके बाद मुकम्मल ठीक होने तक एक एक टैब्लेट इस्तेमाल कराएँ और अगर बारह साल से ऊपर अठारह साल का है तो तीन तीन टैब्लेट इस्तेमाल कराएँ और बड़ी उम्र के लोगों को पहली दूसरी ख़ुराक पाँच पाँच टैब्लेट इस्तेमाल करने से बुख़ार उतर जाएगा इसके बाद मुकम्मल ठीक होने तक दो दो टैब्लेट या तीन तीन टैब्लेट सुबह शाम हालात के हिसाब से इस्तेमाल करें मुकम्मल आराम हो जाएगा और अगर बुख़ार के साथ में सर्दी खांसी नज़ला ज़ुकाम है तो टैब्लेट के साथ में **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** आधा आधा चम्मच सुबह शाम सादा पानी से इस्तेमाल करें।

बार बार हमल गिरजाने वाली बीमारी के इलाज का तरीक़ा

बार बार हमल गिरना या हमल ना ठहेरना इस बीमारी में इस दवा से मुकम्मल आराम होगा

लिकोरा टैब्लेट

बासीर टैब्लेट

अगर साथ में इस दवा का इज़ाफ़ा करें तो ज़्यादा बेहतर होगा

लबाब शबाब माजून

अगर हमल ठहरने के बाद दो से चार महीना के अंदर गिर जाता है तो ये अलामत है की बच्चेदानी कमज़ोर है अक्सर ये बीमारी ऐसी औरतों में होती है जो काफ़ी दिन तक लिकोरिया की बीमारी में मुबतला रहती है, जब शर्मगाह से सफ़ेद पानी ख़ारिज होने वाली बीमारी शुरूआती दिनों में रहती है साल दो साल तक ये पानी चिकट पानी कलर में रहता है और कुछ औरतों का भिंडी के लासा की तरह यानी भिंडी सब्ज़ी में जो चिकट पानी होता है उस तरह का, और जब इस बीमारी का इलाज नहीं होता है तो ये बीमारी की शक्ल बदल जाती है और लिकोरिया का मर्ज़ बहुत पुराना होने के बाद उसकी पहली अलामत है पैरों के गोश्त में खिंचाव दर्द का होना और जब ये बीमारी बड़े नुक़्सान की तरफ़ बढ़ जाती है तो कमर में दर्द हैज़ आने से पहले पेडू-पेट-कमर-पुट्ठा और पैरों में दर्द खिंचाव के साथ हैज़ की शुरूआत होती है, ये अलामत इस बीमारी में होना लाज़िम है लेकिन अलग अलग औरतों में ये अलामत मुख़्तलिफ़ होती है कुछ औरतों में सारी अलामत एक साथ में मौजूद रहती है और कुछ औरतों में ये अलामत कम ज़्यादा होती है और कुछ के अंदर इस अलामत के साथ हैज़ में ख़राबी पैदा होजाती है हैज़ की मिक़दार घट जाती है, और बाज़ दफ़ा महीना दो महीना तक हैज़ आता ही नहीं, यानी बच्चेदानी का क़ुदरती निज़ाम बिगड़ जाता है और जिस्म के अंदर कमज़ोरी पैदा होजाती है, और अगर बड़ी मुश्किल से कभी हमल ठहर गया तो महीना दो महीना चार महीना के अंदर हमल गिर जाता है, और कुछ औरतों को बड़ी मुश्किल से हमल ठहरता है क्यों की शर्मगाह के अंदर सफ़ेद पानी की मोटी परत जमी रहती है, क्यों की बच्चेदानी की हरारत बढ़ जाने से औरत की मनी गाढ़ी होजाती है और बाज़ औरतों की मनी का अंडा ख़राब होजाता है और हैज़ ख़ून में तबदील होने के बजाय दही की तरह का होजाता है और फटे हुए दूध की तरह का मोटा परत शर्मगाह के अंदर जमा रहता है इस लिए मर्द की मनी के कीटाणु औरत की शर्मगाह में पहूंच कर पानी बंकर बाहर की तरफ़ ख़ारिज होजाते हैं क्यों की औरत की मनी के अंडे फ़ौरन मिलते नहीं और औरत की मनी के ताफ़्फ़ुन से मर्द की मनी के वीज़ कीटाणु कुछ सेकंड में पानी बन जाते हैं, औरतों की इस बीमारी का बेहतरीन इलाज ये है की बार-बार हमल गिर जाने वाली बीमारी में सबसे पहला इलाज ये है की **लिकोरा टैब्लेट** और **माजून लबाब शबाब** को खाने के लिए इस्तेमाल करें इस दवा से बच्चेदानी के अंदर की ताक़त बढ़ जाएगी और शर्मगाह के अंदर की ख़राबी ख़त्म करने के लिए रोग़न **फानूस तेल** शर्मगाह के अंदर कॉटन का कपड़ा में फानूस तेल भीगा कर शर्मगाह

के अंदर सोते वक़्त रख लें और सुबह को निकाल कर फेंक दें, इसी तरह एक हफ़्ता दस दिन तक रख लेने से आपको ये फ़ायदा होगा की शर्मगाह के अंदर की हर तरह की ख़राबी ख़त्म होजाती है और शर्मगाह के गोश्त के रेशा खुलिया के अंदर से हर तरह की सूजन इन्फ़ैक्शन ख़त्म होजाती है और गोश्त के रेशा खुलिया के अंदर से हर तरह की कमज़ोरी ख़त्म होजाती है और नयापन पैदा होजाता है और खाने वाली दवा का फ़ायदा ये होता है की **लबाब शबाब माजून** लुआब की पैदाइश को बढ़ाता है और **लिकोरा टैब्लेट** बच्चेदानी की हरारते अज़ीज़िया को ऐतेदाल पर लाता है और बच्चेदानी की ताक़त को बढ़ाता है इस लिए बार-बार हमल गिरने वाली बीमारी को ख़त्म करने में मदद करता है।

तरीक़ा इस्तेमाल

लिकोरा दो टैब्लेट और **बासीर** एक टैब्लेट और अगर माजून है तो दस दस ग्राम माजून सुबह खाली पेट सादा पानी से इस्तेमाल करें और इसी तरह शाम को पूरी दवा को एक साथ खाना खाने से एक दो घंटा पहले सादा पानी से इस्तेमाल करें परहेज़ कुछ भी नहीं है।

बीमारीयों की पैदाइश कैसे होती है

सर्दी की बीमारी और नाक के रास्ते से पानी खारिज होने लगता है तो लुआब के अंदर की तुरशी और लुआब के अंदर की खराबियों को खतम करने के लिए **सर्दी हरण टैब्लेट** और साथ में **इतरिफल दायमी नज़ला** इस्तेमाल करें।

इतरिफल दायमी नज़ला

सर्दी हरण टैब्लेट

अगर आपका लुआब पीला होकर पक गया है तो इस पके हुए फटे हुए लुआब के पीले बलगम को कुदरती हालत पर लाने के लिए **माजून कलबिया मोतदिल** को इस्तेमाल करने से कुदरती हालत पर लाने में मदद करता है।

कलबिया मोतदिल माजून

सर्दी खांसी नज़ला बुख़ार से शुरू होने वाली बीमारी या तो आपको सेहत की तरफ़ ले जाती है या बड़ी बड़ी बीमारीयों को वजूद में लाने का अस्बाब पैदा करती है, सांस फूलने घबराहट बेचैनी से शुरू होती है और बड़ी बड़ी बीमारीयों को वजूद में आने के लिए मदद करती है क्यों की सर्दी खांसी नज़ला बुख़ार लुआब के अंदर फ़साद पैदा होने से शुरू होता है, अगर लुआब के अंदर की ख़राबी ख़त्म होजाती है तो बलग़म की शक्ल पैदा होने से पहले बीमारीयों से नजात मिल जाएगी और पूरे जिस्म के अंदर सेहत का निज़ाम काएम होजाता है और बीमारीयों से नजात मिल जाती है और अगर लुआब के अंदर से ख़राबी ख़त्म होने से पहले बलग़मी फ़साद पैदा हो गया तो सबसे पहले फेफड़ा को नुक़्सान होता है क्यों की फेफड़ा के अंदर दो तरह का रेशा खुलिया होता है एक शक्ल लुआब के खुलिया रेशा की होती है

और दूसरी शक्ल ख़ून के रेशा खुलिया की होती है और इसी जगह से बीमारीयों की शक्ल और हर तरह के बीमारीयों की हद काएम होती है और इसके बाद एक दूसरी बीमारीयों के मिलाप से बलग़म के ज़रीया से नई नई और छोटी बड़ी बीमारीयों का वजूद सामने आता है, अब अगर सर्दी खांसी नज़ला बुख़ार की हालत में लुआब को पकाने वाली दवा दाख़िल हो गई और लुआब पक गया या लुआब ख़ुशक हो गया और पके हुए बलग़म की शक्ल एख्तियार कर गया तो सबसे पहला नुक़्सान फेफड़ा से शुरू होता है फेफड़ा के अंदर का लुआबी खुलिया रेशा के अंदर फ़साद पैदा होजाता है पके हुए बलग़म की वजह से फेफड़ा की ताक़त कमज़ोर होजाती है, उसकी लचक और फुर्ती ख़त्म होजाती है और सांस में तंगी पैदा होजाती है, अगर फेफड़ा की नालीयों में बलग़म ख़ुशक हो गया और बहुत जल्द बलग़म ख़ारिज नहीं होता है तो ये बलग़म अपने अंदर कमज़ोर किस्म की जरासीम पैदा कर देता है और इस जरासीम वाइरस की वजह से फेफड़ा के अंदर और उसकी नालीयों में सूजन और ख़राबी पैदा होना शुरू होजाती है और धीरे धीरे ये बीमारी बड़ी बीमारीयों को पैदा करने में मदद करती है, अब अगर सांस फूलने की वजह से बलग़म ख़ारिज करने वाली दवा से बलग़म को पका कर बलग़म को ख़ारिज करने की कोशिश करोगे तो बलग़म को पकाने वाली दवा सिर्फ़ फेफड़ा का बलग़म नहीं पकाएगी ऐसी दवा पूरे जिस्म के लुआब के ऊपर अपना असर डालती है और लुआब के अंदर फ़ासिद होने वाली सिफ़त पैदा होजाती है और लुआब बलग़मी शक्ल एख्तियार कर लेता है तो पूरे जिस्म के अंदर वाइरस के पैदा होने में मदद मिलती है और अगर उसका ठीक से इलाज नहीं होता है तो यही वाइरस जरासीम की शक्ल एख्तियार करलेते हैं और हर तरह की छोटी बड़ी बीमारीयों को पैदा करने में मदद करते हैं, अब अगर इस जरासीम वाइरस को ख़त्म करने का मुकम्मल इलाज नहीं होता है तो ये बीमारी आपके पूरे जिस्म के लुआबी रेशा खुलिया के अंदर ख़राबी पैदा करने में मदद करती है, दिल की बीमारी पैदा करने में बलग़म पकाने वाली दवा मदद करती है क्यों की ख़ून के अंदर कुछ मामूली मिक़दार लुआब की रहती है जब लुआब के अंदर बलग़म पैदा करने की सिफ़त पैदा होजाती है और लुआब पक जाता है तो ख़ून के अंदर का लुआब फट जाता है और ज़र्रात की शक्ल एख्तियार कर लेता है और ख़ून की नालीयों में चिपकने लगता है और धीरे धीरे जमा होते होते ख़ून की नालीयों में रुकावट पैदा करने लगता है इस लिए दिल को पूरे जिस्म के ख़ून की नालीयों में ख़ून पहुँचाने के लिए आम हालत से ज़्यादा ताक़त इस्तेमाल करना होता है और धीरे धीरे वक़्त के साथ दिल में कमज़ोरी पैदा होने लगती है और अगर सिर्फ कुछ नालीयों में बलग़म जमा होता है तो सिर्फ घबराहट बेचैनी के साथ दिल का मर्ज़ ज़ाहिर होता है और अगर लुआब पूरी तरह से फटा नहीं है सिर्फ खुरदरापन पैदा हो कर लुआब सिर्फ़ फ़ासिद हो गया है तो इस तरह का लुआब नसों की ताक़त को कमज़ोर कर देता है और नसों की लचक और नसों का ठोसपन ख़त्म होजाता है और धीरे धीरे नसों की दीवार मोटी होजाती है और नसों में तंगी पैदा होजाती है और ब्लड प्रैशर की बीमारी का वजूद ज़ाहिर होता है, और अगर बलग़म फेफड़ा की नालीयों में फंसा हुआ है और सांस फूलने की बीमारी पैदा हो गई है या दिमाग के अंदर लुआब फ़ासिद हो कर नज़ला की शक्ल में नाज़िल हो रहा है और फेफड़ों की नालीयों के तरफ़ दाख़िल होने की वजह से बार-बार खांसी आरही

है या मुसलसल खांसी आरही है और बलग़म ख़ारिज हो रहा है या मुसलसल बहुत ज़्यादा खांसी आरही है तो इसका मतलब है या तो फेफड़ों में सूजन पैदा हो गई है इस लिए बलग़म को मुकम्मल तरीक़ा से बाहर की तरफ़ ख़ारिज नहीं हो रहा है और मुसलसल बलग़मी खांसी आरही है और हवा की नालीयों में तंगी पैदा हो गई है और फेफड़ा पूरी ताक़त से बलग़म को बाहर की तरफ़ ख़ारिज करने की कोशिश कर रहा है लेकिन फेफड़ा में सूजन कमज़ोरी होने की वजह से बलग़म को इतना झटका नहीं मिलता है की फ़ौरन ख़ारिज हो जाए, इस तरह की बार-बार की कोशिश से सांस फूलने लगती है और अगर फेफड़ा को ठीक इलाज नहीं मिला तो धीरे धीरे सांस फूलने की बीमारी काएम होजाती है, इस बीमारी का बेहतरीन इलाज ये है की अगर आपको सर्दी खांसी नज़ला ज़ुकाम की बीमारी है तो **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** माजून को इस्तेमाल करें ये दवा से आपके फेफड़ा की ताक़त बढ़ेगी और फेफड़ा का सूजन ख़त्म होगा फेफड़ा में जमा हो रहे बलग़म को आसानी के साथ ख़ारिज करके फेफड़ा के बलग़म को साफ़ कर देगा और अगर नज़ला की बीमारी से खांसी आरही है तो **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** का माजून दिमाग़ी ताक़त को बढ़ाता है और दिमाग की बदहज़मी को ख़त्म करता है और दिमाग के अंदर लुआब को हज़म करने में मदद करता है, जब दिमाग के अंदर लुआब को पेवस्त करने की ताक़त कमज़ोर होती है तो नज़ला ज़ुकाम खांसी की बीमारी शुरू होती है और जब दिमाग के अंदर आने वाली दिमाग की गेज़ा लुआब के अंदर पेट से निकल कर दिमाग की तरफ़ जाते वक़्त अगर इस लुआब में तेज़ाबीयत(तुर्शी) मौजूद रहती है तो दिमाग तुर्शी वाले फ़ासिद लुआब को हज़म नहीं करता है और इस तरह के फ़ासिद लुआब को बाहर की तरफ़ ख़ारिज करने के लिए मुतहर्रिक होजाता है और सर के अंदर दर्द महसूस होती है और सर्दी की बीमारी शुरू होजाती है, अब अगर सर्दी की बीमारी शुरू होजाती है और नाक के रास्ते से पानी ख़ारिज होने लगता है तो लुआब की तुर्शी और लुआब के अंदर की ख़राबियों को ख़त्म करने के लिए **सर्दी हरन टैब्लेट** और साथ में **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** का इस्तेमाल करने से सर्दी की बीमारी मुकम्मल ख़त्म होजाती है और अगर आप पहले से किसी दवा को इस्तेमाल कर रहे हो और आपका लुआब पीला हो कर पक गया है तो इस पके हुए फटे हुए लुआब के पीले बलग़म को क़ुदरती हालत पर लाने के लिए **माजून कलबिया मोतदिल** को इस्तेमाल करने से फटे हुए लुआब के पीले बलग़म को और पूरे जिस्म के अंदर फैले हुए लुआब को और लुआबी आज़ा के अंदर मौजूद लुआब की ख़राबियों को ख़त्म करके क़ुदरती हालत पर लाने में मदद करता है और दिल दिमाग फेफड़ा जिगर मेदा गुर्दा मसाना तिल्ली के अंदर की पूरी नसों को मुतहर्रिक करता है और पूरे जिस्म की सारी नसों की ताक़त को बढ़ाने में मदद करता है, अब अगर आपको एक साथ में सारी बीमारी मौजूद है तो तीनों दवा को एक साथ इस्तेमाल करना ज़्यादा बेहतर है।

तरीक़ा इस्तेमाल

दस दस ग्राम **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** और एक एक टैब्लेट **सर्दी हरन टैब्लेट** सुबह शाम खाली पेट सादा पानी से इस्तेमाल करें और अगर साथ में **कलबिया मोतदिल माजून** भी है तो माजून भी दस दस ग्राम सुबह शाम खाली पेट सादा पानी से **सर्दी हरन टैब्लेट** और **इतरीफ़ल दायमी नज़ला** के साथ इस्तेमाल करें।

हरीसा बूटी टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

हरीसा बूटी टैब्लेट बहुत तेज़ी से माद्दए मन्विया को गाढ़ा करता है, एहतेलम, जिर्यान, रक़्त मनी, मज़ी, वदी और सरअते अंजाल रोकावट की बीमारी को हमेशा के लिए ख़तम करने में मदद करता है। हरारते अज़ीज़िया को बड़ी तेज़ी से बढ़ाता है और सफ़ेद नसों, लुआबी झिल्लियों, लुआबी आज़ा के गोश्त के रेशा खुलिया और गुदूदे मन्विया के अंदर कुव्वते मुदाफ़िअत और हरारते अज़ीज़िया को काएम करने में मदद करता है और लुआब को लुआबी आज़ा में पेवस्त करने की ताक़त को बढ़ाता है और पूरे जिस्म के लुआबी आज़ा को ठोस मज़बूत करके उसकी ताक़त को काएम करता है, मनी को गाढ़ा करके वीज़ किटाणु की रूह और नफ़स को तेज़ी से जमा करता है और किटाणु को ठोस मज़बूत ताक़तवर बनाने में मदद करता है।

माजून अम्बरी ख़ास का फायदा यह है।

माजून अम्बरी ख़ास गुदूदे मन्विया का ढीलापन, कमजोरी को ख़तम करता है। गुदूदे मन्विया के रेशा खुलिया और लुआबी आज़ा के अंदर हरारते अज़ीज़िया को काएम करता है। सफ़ेद ख़ून वाली लुआबी नसों, सुर्ख ख़ून वाली नसों, गुदूदे मन्विया का ठंडापन खत्म करके हरारते अज़ीज़िया को काएम करता है और सफ़ेद नसों, सुर्ख ख़ून वाली नसों, गुदूदे मन्विया के अंदर हर तरह की ताक़त को बढ़ाता है और मुर्दाना बांझपन खत्म करता है। एहसासे कम्तरी खत्म करके नौजवानी की ताक़त और जोश को काएम करने में मदद करता है। वीज़ किटाणु को बहुत तेज़ी से बढ़ाने में मदद करता है। कुव्वते बाह को पैदा करता है। गुर्दा, मसाना, एसाबी ताक़त को बढ़ाता है और कुव्वते बाह और माद्दए मन्विया की हरारत को हमेशा के लिए काएम करने में मदद करता है। माजून अम्बरी ख़ास गुदूदे मन्विया की ताक़त को बढ़ाता है। मनी को गाढ़ा करने की सिफ़त को मुतहर्रिक करके जोश रोकावट सरअते अंजाल की बीमारी को हमेशा के लिए ख़तम करने में मदद करता है और एहतेलम जिरयान की बीमारी को आने से रोकता है माद्दए मन्विया के अंदर जोश हेजान को बढ़ाता है, जिन्सी हवस से मायूसी, ठंडे मिज़ाज, शादी से डरने, मुश्त ज़नी करने वाले, औरतों से नफरत चिड़चिड़ापन रखने वालों को नई उमंग जोश नौजवानी का एहसास काएम रखने में मदद करता है।



माजून लबाब शबाब का ख़ास फ़ायदा यह है।

माजून लबाब शबाब का ख़ास फ़ायदा यह है: लुआब की पैदाइश को बढ़ाता है, जोड़ों के बीच का लुआब बढ़ाकर जोड़ों के बीच की गद्दी को जोड़ों की हड्डी को ठोस ताक़त को बढ़ा कर जोड़ों के दर्द को हमेशा के लिए ख़तम करता है, घुटना, पीठ, कमर, गर्दन के दर्द, खिंचाव की बीमारी को ख़तम करता है। पूरे जिस्म की लुआबी की आजा को और लुआबी झिल्लियों को लुआब वाली सफेद नस यानी एसाबी आजा और पुट्ठों नसों की ताक़त को बढ़ाकर इन आजा को ठोस मजबूत बनाने में मदद करता है। हड्डियों को नस और एसाबी नसों का भुरभुरापन, कमजोरी को ख़तम करने में मदद करता

माजून याकूत मुकव्वी ख़ास की बेहतरीन सिफ़त यह है।

माजून याकूत मुकव्वी ख़ास की सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: बड़ी तेज़ी से लुआब पैदा करता है, जिस्म के हर आज़ा की नस को ताक़त देता है, जिस्म के लुआबी आज़ा के खुलिया (रेशों) की ताक़त को बढ़ाता है, सफ़ेद ख़ून को बढ़ाता है और सफ़ेद नसों की ताक़त को मज़बूत करता है, नस और हड्डियों को ठोस करने वाला गोंद पैदा करके उसे ठोस और मज़बूत बनाता है, मादए मन्विया और वीज़ किटाणु को बड़ी तेज़ी से बढ़ाकर कुव्वते बाह की ताक़त को मज़बूत और मुस्तहकिम बनाकर कुव्वते बाह की ताक़त को काएम रखने में मदद करता है, जिस्म के हर आज़ा की ताक़त को ठोस और मज़बूत बनाने में मदद करता है, लुआबी आज़ा हड्डियों का भूभुरापन ख़तम करके ठोस मज़बूत करता है, जिस्म के हर आज़ा की खाल का खुरदुरपन ख़तम करके चहरे पर चमक पैदा करता है, नौजवानी का अहसास ज़ाहिर करने में मदद करता है।

मुरगाबी तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

मुरगाबी तेल का ख़ास फ़ायदा यह है: यह तेल नसों को ताक़त देता है, नसों की दीवार को ठोस मज़बूत करके दोबारा क़ुदरती ताक़त को वापस लाने में मदद करता है। अगर आज़ाए तनासुल में मामूली कमज़ोरी पैदा हो गई है तो सिर्फ़ मुरगाबी तेल के इस्तेमाल से मुकम्मल आराम हो जाता है और अगर आधी या मुकम्मल नामर्दी पैदा हो गई है या एक दो इंच का होकर सिकुड़ गया है और मुर्दा होकर अकड़ गया है और उसमें ज़िंदगी का अहसास ख़तम हो गया है और हर तरह से मायूसी पैदा हो गई है तो सिर्फ़ एक बोतल मुरगाबी तेल अपनी सचाई बयान करने के लिए काफ़ी है। सिर्फ़ मुरगाबी तेल से मामूली फ़र्क हो जाता है अगर उसके साथ ख़ाने वाली दवा को सिर्फ़ पंद्रह दिन तक इस्तेमाल करके बंद कर दो क्योंकि दवा बंद करने के बाद दवा की सचाई समझ में आएगी की दवा टाइम पास है या हमेशा के लिए क़ुदरती हालत पर लाने में मदद करेगी। अगर हक़ीक़त मालूम होगी तो अपने लिए बेहतरीन फ़ैसला करना आसान हो जाएगा उसके साथ ख़ाने वाली दवा का नाम है माजून याकूत मुकव्वी ख़ास और हरीसा बूटी टैब्लेट और माजून अम्बरी ख़ास और मुरगाबी तेल यह चार दवा से आपको ज़िंसी मायूसी से हमेशा के लिए बाहर निकलने का रास्ता मिल जाएगा और ज़्यादा से ज़्यादा मालूमात के लिए हमारी वेब साइट पर आलमगीर हाज़िक नाम की किताब देखो या सलाम फ़ार्मेसी की किताब तरीक़ा ईलाज में मुकम्मल जानकारी का इल्म हासिल करो और फ़ायदा उठाएं।

सर्दी हरन टैब्लेट का ख़ास फायदा यह है।

सर्दी हरन टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: दिमाग़ की सर्दी को ख़तम करता है, दिमाग़ को ताक़त देता है, बार-बार सर्दी, खांसी, नज़ला, ज़ुकाम होने से रोकता है, दिमाग़ और फेफड़ों की ताक़त को बढ़ाता है, दिमाग़ की रुतूबत को फासिद होने से रोकता है, फेफड़ों की कमज़ोरी को ख़तम करके सांस फूलना, खांसी, सर्दी को ख़तम करने में मदद करता है, शदीद क़िस्म का दमा हो तो इतरीफल दायमी नज़ला के साथ इस्तेमाल करें।

इतरीफल सरसरा का फ़ायदा यह है।

इतरीफल सरसरा की बेहतरीन और ख़ास सिफ़त यह है: मेदा, लीवर (जिगर) छोटी बड़ी अंतड़ियों (पूरे पेट) के अंदर की हर तरह की बीमारियों को ख़तम करता है रियाह यानी गैस को तोड़ कर गैस के तअफ्फ़ुन को गलीज़ गाढ़ी गैस को बाहर की तरफ़ ख़ारिज करता है गलीज़ गाढ़ी गैस को पेट की झल्लियों में जिस्म के दूसरे आज़ा में फैलने से रोकता है जिस्म के हर आज़ा को फूलने से बादी होने से बचाता यानी रोकता है पेट को बढ़ने से रोकता है हर तरह की सूजन को ख़तम करता है पेट में शदीद किस्म के दर्द मरोड़ बद-हज़मी को ख़तम करता है जिस्म के अंदर होने वाले रियाही दर्द मरोड़ बेचैनी सीने के अंदर होने वाले रियाही दर्द खिंचाव घब्राहट को ख़तम करता है भूख पैदा करता है खाने की रगबत को बढ़ाता है और खाना को हज़म करके लुआब हवा पानी सफरा को आसानी के साथ जिस्म में फैलने के लिए मदद करता है हवा पानी सफरा लुआब के अंदर की गलाज़त और तअफ्फ़ुन को ख़तम करने में मदद करता है।

बासीर टैब्लेट का बेहतरीन फ़ायदा यह है।

बासीर टैब्लेट का फ़ायदा यह है: जिस्म के अंदरूनी बेरूनी हर हिस्सा की सूजन, इंफ़ेक्शन, छाला और जलन को ख़तम करता है। लिवर, मेदा, गुर्दा, मसाना की सूजन, इंफ़ेक्शन को ख़तम करता है। मुँह, जीभ, पर मसूढ़ों में, गले के अंदर, सीने में, छोटी बड़ी अंतड़ियों में, पेट के अंदर छाला, इंफ़ेक्शन, सूजन, जलन को ख़तम करता है। लुआबी आज़ा की झिल्लियों में, जोड़ों की गद्दी और गांठ पर, घुटना, टखना में जोड़ों की सूजन को और एसाबी सूजन को ख़तम करने में मदद करता है। पेशाब खुलने की जगह पर सूजन को ख़तम करता है और ख़ूनी बादी बवासीर, महेसी, भगन्दर, अपेंडिस, हर्निया, अल्सर, मुंह से नाक से पेशाब के रास्ते से हमल गिरने के बाद का जारी खून रोकने के लिए, हैज़ की ज़्यादती को रोकने के लिए उपर बताई गई इन सभी बीमारियों का मुकम्मल और बेहतरीन इलाज यह है, जखमीनों टैब्लेट, बासीर टैब्लेट, बरगीन टैब्लेट इस तीनों दवा को एक साथ इस्तेमाल करने से ऊपर बताई गई सभी बीमारी का मुकम्मल कायमी इलाज हो जाता है।

जखमीनों टैब्लेट की बेहतरीन और ख़ास सिफ़त यह है।

जखमीनों टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है: हर जगह के जारी ख़ून को रोकता है और जिस्म के अंदरूनी बेरूनी आज़ा के ज़ख्म को ख़ुश्क करके प्राकृतिक हालत पर लाने में मदद करता है। मुंह से नाक से पेशाब के रास्ते से सन्डास के रास्ते से आने वाले ख़ून को रोक देता है और जारी होने वाले ख़ून की जगह के ज़ख्म को ख़ुश्क करके प्राकृतिक हालत पर लाता है। हमल गिरने के बाद जारी होने वाले ख़ून को रोक देता है और उस जगह के ज़ख्म को सुखाता है, हैज़ की ज़्यादती वाले ख़ून को रोक देता है और जिस्म के बाहरी आज़ा के ज़ख्म को ख़ुश्क करता है, बवासीर ख़ूनी बादी, भगन्दर, हर्निया, अपेंडिस, अल्सर, काब्च बाहर आना, इन सभी बीमारियों को हमेशा के लिए ख़तम करने का तरीक़ा है बासीर टैब्लेट, जखमीनों टैब्लेट, बरगीन टैब्लेट ये तीन टैब्लेट एक साथ इस्तेमाल करने से ऊपर बताई गई हर तरह की बीमारी को ख़तम करता है।

बरगीन टैब्लेट की बेहतरीन और ख़ास सिफ़त यह है।

बरगीन टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है कि हर तरह के सड़े, गले, बदबूदार ज़ख़्म की जरासीम, वायरस और कीड़ियों को और ज़हरीले माद्दा को ख़तम कर देता है। इस लिए हर तरह का ज़ख़्म आसानी से ख़ुश्क होकर ज़ख़्म की जगह पर नया खुलिया रेशा पैदा होने लगता है और ज़ख़्म का गोश्त भर कर ज़ख़्म को ठीक करने में मदद करता है और लुआबी आज़ा के लुआब के अंदर पैदा होने वाले तअफ़्फ़ुन, जरासीम, वायरस और जहरीले प्रभाव को ख़तम कर देता है। अगर लुआब के अंदर जरासीम, वायरस, तअफ़्फ़ुन या ज़हरीले प्रभाव पैदा हो जाते हैं तो लुआब के अंदर से लुआबी आज़ा को ठोस करने वाला गोंद ख़तम हो जाता है तो सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि एसाब कमज़ोर हो जाता है, कुव्वते मदाफ़िअत ख़तम हो जाती है और लुआब दूध की तरह फट जाता है और फ़ासिद होकर बलग़म की शकल एख़्तियार करके ख़ारिज होता है, सर्दी, खांसी, नज़ला, ज़ुकाम की शकल में बाहर की तरफ़ ख़ारिज होता है बरगीन टैब्लेट इन सभी बीमारियों को बड़े आसानी से ख़तम करने में मदद करता है, बरगीन टैब्लेट बार बार होने वाली खांसी, नज़ला, ज़ुकाम की शकल में बाहर ख़ारिज होने वाले बलग़म को ख़तम कर देती है, अंतड़ी, पेट में होने वाले ज़ख़्म, मुंह के छाला, अल्सर, अपेंडिस, हर तरह की गांठ, गल्ती को कैंसर की शकल एख़्तियार करने से पहले इस बीमारी को ख़तम करती है।

लिकोरा टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

लिकोरा टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है: औरतों की सफ़ेद पानी निकलने वाली बीमारी लीकोरिया को ख़तम करता है और लीकोरिया से होने वाली बीमारी पीठ, कमर का दर्द, पैरों में खिंचाव और पेड़ू(नाभ के नीचे) का दर्द खिंचाव बच्चा दानी में सूजन या शर्मगाह के अंदर खुजली, जलन, सूजन और बच्चा दानी से जुड़ी हुई बीमारी, दर्द, तकलीफ़ को ख़तम करने में मदद करता है बच्चा दानी रहम की ताक़त को बढ़ाता है बच्चा दानी शर्मगाह की अंदरूनी परत का सूजन ख़तम करता है बार बार हमल गिर जाने वाली बीमारी को ख़तम करता है लीकोरिया की वजह से होने वाली हैज़ की ख़राबी को ख़तम करता है बच्चा दानी की रूतूबत को फासिद होने से रोकता है और बच्चा दानी में अंडों की पैदाइश को बढ़ाता है रूतूबत को फासिद होने से बचाता है रहम, बच्चा दानी की हरारत को ऐतेदाल पर लाता है रहम के अंदर हमल का मुहाफ़िज़ होता है हमल को गिरने से बचाता है शर्मगाह से निकलने वाली फ़ासिद रूतूबत से होने वाली बीमारी को ख़तम करता है।

रोगन पाइरिया का ख़ास फ़ायदा यह है।

रोगन पाइरिया की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: हर तरह के सड़े गले, जरासीमी ज़ख़्म को ख़ुश्क करता है, जरासीम को ख़तम करके ज़ख़्म भरने में मदद करता है, मसूड़ों, दांतों के पाइरिया को ख़तम करके मसूड़ों का पुल पुलापन ख़तम करता है, दांत दर्द, मुंह का छाला या ज़ख़्म हो ख़तम करता है, फोड़ा फुंसी का गहरा ज़ख़्म हो या बहुत गहरा कटा भटा ज़ख़्म हो उसे ख़ुश्क करके तेज़ी से ज़ख़्म को भरने में मदद करता है और चमड़े पर किसी तरह के ज़ख़्म का निशान बाक़ी नहीं छोड़ता है, सफेद दाग को धीरे धीरे मुसलसल लगाते रहने से दाग को ख़तम करने में मदद करता है।

ज़रूरी हिदायत: जिस ज़ख़्म में जरासीम, कीड़ी या फफूंद के असरात हों, ऐसी जगह कम अज़ कम दो टाइम दवा को लगाना चाहिए और दवा रोकने की हालत में जरासीम या कीड़ी का गल्बा बढ़ जाता है, इस लिए वापसी का मौक़ा नहीं देना चाहिए वर्ना ठीक होने का टाइम बढ़ जाता है।

माजून ज्वाला ख़ास की बेहतरीन ख़ासियत यह है।

माजून ज्वाला ख़ास की ख़ास सिफ़त यह है: लुआबी आजा पर हरारते अज़ीज़िया यानी ताक़त देने वाली गर्मी पैदा करके लुआबी आजा के बेजान मुर्दा खुलिया रेशा को मुतहर्रिक करता है, सिकुड़कर अकड़े हुए एसाबी नसों, झिल्लियों की ताक़त को बढ़ाता है, पिस्तान, बच्चा दानी, गर्दन, पीठ, कमर, पेट, सीने के अंदरूनी बेरूनी हर आजा की गांठ गिल्टी को गला कर ख़तम कर देता है, सुर्ख़ ख़ून वाली नसों की दीवारमें सुजन या सुद्दा पैदा होगया हो या सफ़ेद ख़ून वाले सफ़ेद एसाबी नस या लुआबी झिल्लियों में सर्दी लेकर बादी होकर खिंचाव पैदा होकर अकड़ गई है ये सभी बीमारियों को ख़तम करता है, माजून ज्वाला ख़ास पूरे जिस्म के लुआबी आजा के गोश्त के रेशा के खुलिया में मौजूद लुआब के अंदर पैदा होने वाली सख़्त सर्दी और बाद से पैदा होने वाली लुआबी आजा की बीमारियों के हुजूम को ख़तम करके क़ाएमी शबाब को वापस लाने में मदद करता है। गांठ गिल्टी गलाने का तरीक़ा यह है, एक रिपोर्ट आज निकालो, दूसरे दिन से दवा चालू करके दो महीना तक दवा खिलाव, दो महीना पूरा होने पर दोबारा सोनोग्राफ़ी करा लो, अब दोनों रिपोर्ट सामने रखकर देखो गांठ गिल्टी ख़तम हो गई है या कुछ हिस्सा बाक़ी है, अब आपको अपने लिए बेहतरीन फ़ैसला करना आसान होगा।

माजून क़लबिया मुतदिल का ख़ास फ़ायदा यह है।

माजून क़लबिया मुतदिल की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: आजाए रईसह, दिल और दिमाग़, जिगर, मेदा, गुर्दा, मसाना, एसाबी पुट्ठों की ताक़त को बढ़ाकर क़ुवी मज़बूत करता है। घब्राहट, बेचैनी, सिरदर्द, चक्कर आना ख़तम करता है। दिल और दिमाग़ की नसों में तहरीक पैदा करके जिस्म के हर आजा की नस को मुतहर्रीक करता है, सिकुड़ कर अकड़ी हुई बंद नसों को खोलता है, नसों में लचक और तहरीक पैदा करके नस को सीधा करता है, नसों में दोबारा ख़ून दौड़ने में मदद करता है, दर्द तकलीफ से निजात मिलती है, बीमारी से छुटकारा दिलाने में मदद करता है, लुआबी आजा के अंदर मौजूद हर तरह के ज़हरीले माद्दे और उसके असरात को ख़तम करता है, नसों से जुड़ी हुई हर तरह की छोटी बड़ी बीमारियों को कामयाबी के साथ ख़तम करने में मदद करता है, कुव्वते मदाफ़िया (बीमारी से लड़ने की ताक़त) को बढ़ाता है, कुव्वते हैवानिया, रूह और नफ़्स की ताक़त को बढ़ाकर ठोस मज़बूत करके मुतहरिक रहने में मदद करता है।

माजून सलाम का ख़ास फ़ायदा यह है।

माजून सलाम का ख़ास फ़ायदा यह है कि बच्चों के जिस्म को हड्डियों को ठोस, मज़बूत, चुस्ती, फुर्ती पैदा करने और जिस्म को बढ़ाने में मदद करता है, बच्चों के मेदा जिगर की ताक़त को बढ़ाता है, भूख पैदा करता है, और औरतों को ज़चकी के बाद (बच्चा पैदा होने के बाद) इस माजून को खाने से जिस्म के हर आजा की ताक़त में इज़ाफ़ा होता है और दूध की पैदाइश को बढ़ाता है, भूख खाने का एहसास तेज़ करता है, ज़चकी से होने वाली हर तरह की कमज़ोरी को ख़तम करता है और बीमारी के बाद की कमज़ोरियों को ख़तम करने में मदद करता है, यह माजून जड़ी-बूटियों, मफ़्ज़ियात से बना हुआ, क़ुदरती नबातियाती टॉनिक है।

माजून आबे शबाब का ख़ास फ़ायदा ये है।

माजून आबे शबाब लुआबी आज़ा की ताक़त को बढ़ाता है और मुर्दा बेजान हो रहे लुआबी आज़ा के रेशा खुलिया को जिगर-गुर्दा-दिल-फेफड़ा के अंदर की नालीयों को नसों के अंदर से इन्फ़ैक्शन ढीलापन सूजन को ख़त्म करने में मदद करता है और ये सारे आज़ा की ताक़त को बढ़ाता है और नया रेशा खुलिया पैदा करने में मदद करता है, जिगर-गुर्दा-दिल-फेफड़ा-दिमाग़ के ऊपर की झिल्लियों में ताक़त देने वाली गर्मी पैदा करता है और उसकी हरारत को क़ायम करता है और मुर्दा बेजान कमज़ोर हो रही इन झिल्लियों को ठोस मज़बूत और ताक़तवर बनाने में मदद करता है और पूरे जिस्म के लुआबी आज़ा यानी दाँत के मसूड़ा से लेकर ज़बान मुँह के अंदर गले और सीना मेदा छोटी बड़ी अंतड़ियों के अंदर से और सफ़ैद लुआबी नसों झिल्लियों पूरे ऐसाब के लुआबी आज़ा के अंदर से सूजन इन्फ़ैक्शन ढीलापन को मुर्दा बेजान हो कर गाँठ गिलटी पैदा करने वाले रेशा खुलिया की बीमारी को शुरूआत होने से पहले ख़त्म करने में मदद करता है और लुआबी आज़ा के जर्रात को और उसके रेशा खुलिया को नई ताक़त देने में मदद करता है और दुबारा नया रेशा खुलिया पैदा करने में मदद करता है।

माजून आबे शबाब के ज़रीया से ये सारी बीमारीयों को ख़त्म करने का तरीक़ा इलाज ये है।

अगर फेफड़ा के अंदर की नालीयां मोटी हो गई है और सांस लेने में तकलीफ़ हो रही है और बहुत ज़्यादा खांसी आरही है सांस फूल रही फेफड़ा ठीक से काम नहीं कर रहा है और पेट के ज़रीया जल्दी जल्दी सांस ले रहे हो या दिल की नसों के ज़रीया ख़ून स्पलाई होने वाली नसों की दीवार मोटी हो गई है और नसों में तंगी पैदा हो गई है या ख़ून की नालीयों में बलग़म के जर्रात जमा हो गए हैं और ख़ून दौड़ने में रुकावट पैदा करते हैं नसों में तंगी पैदा होने से घबराहट बेचैनी होती है और ब्लड प्रैशर हाई होने वाली बीमारी की शुरूआत होजाती है या दिल की बीमारी होने का यक़ीन बढ़ जाता है इस तरह की हर छोटी बड़ी बीमारीयों को होने से पहले ख़त्म करने का तरीक़ा और अगर इस तरह की बड़ी बीमारी पैदा हो गई है तो उसको मुकम्मल तरीक़ा से ख़त्म करने का तरीक़ा इलाज ये है की हर बड़ी बीमारी होने के बाद इस दवा से मुकम्मल फ़ायदा उठा सकते हैं और अगर आपको बीमारी नहीं है तो भी इस दवा का इस्तेमाल आपको फ़ायदा देगा, पहली दवा का नाम है माजून आबे शबाब दूसरी दवा का नाम है माजून कलबिया मोतदिल और तीसरी दवा का नाम है मगज़ीन टैब्लेट, पहली दवा लुआबी रेशा खुलिया की ताक़त को बढ़ाती है दूसरी दवा दिमाग़ की नसों को और ऐसाब को आज़ा रईसा की ताक़त को बढ़ाती है और उसको मुतहर्रिक करती है तीसरी दवा सूजन को ख़त्म करती है हर तरह की लुआबी जरासीम वाइरस कीड़ी को ख़त्म करने में मदद करती है, और ये तीनों दवा की मुकम्मल ख़ासीयत मालूम करें इस किताब में हर दवा की ख़ासीयत मौजूद है और ज़्यादा मालूमात के लिए इस किताब 'आलमगीर हाज़िक़' नाम की किताब के ज़रीया मालूमात और तरीक़ा इलाज की जानकारी हासिल करें।

गैस हरन टैब्लेट का फायदा यह है।

गैस हरन टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: गैस (रियाह) को तोड़कर बाहर करे, खट्टी डकार, बदहज़मी दूर करे, भूख खाने की इच्छा को बढ़ाता है, पेट दर्द, मरोड़, बाव गोला दूर करता है, पेट की खराबी से होने वाली हर तरह की तकलीफ़ को खत्म करता है, पेट को साफ रखता है, कब्ज़ को दूर करता है, बवासीर की तकलीफ़ को आने से रोकता है।

इतरीफ़ल दायमी नज़ला का ख़ास फ़ायदा ये है

इतरीफ़ल दायमी नज़ला की ख़ास सिफ़त ये है की हर तरह की सर्दी खांसी नज़ला ज़ुकाम और सांस फूलने की बीमारी को पहली ख़ुराक से फ़ायदा शुरू होजाता है दिमाग़ की झिल्ली में या फेफड़ा की नाली में सूजन होने की वजह से शदीद किस्म की खांसी हो या बहुत पुरानी सांस फूलने की बीमारी है उसको हमेशा के लिए ख़त्म करने में मदद करता है, दिल दिमाग़ फेफड़ा को और ऐसाब की ताक़त को बढ़ाता है और कुव्वते मुदाफिअत को बढ़ाने में मदद करता है, सर्दी खांसी नज़ला ज़ुकाम सांस फूलने की बीमारी से हर तरह का ईलाज करके परेशान हो गए हैं तो एक बार इस दवा की आज़माईश ज़रूर करें, इतरीफ़ल दायमी नज़ला का छोटा डिब्बा आज़माईश के लिए काफ़ी है, ये दवा काम इस तरह से करती है की मादा जिगर अंतड़ियों की और हाज़मा की ताक़त को बढ़ाती है, दिल दिमाग़ फेफड़ा जिगर मेदा गर्दा मसाना के ऐसाबी झिल्ली के अंदर लुआब को पेवस्त करने की सलाहीयत पैदा करती है और ये सारे आज़ा की ताक़त को क़ायम करती है और हर तरह के जरासीम वायरस के ज़हरीले असरात को ख़त्म करने में मदद करती है इसलिए इतरीफ़ल दायमी नज़ला ऊपर बताई गई सारी तकलीफों को आसानी के साथ ख़त्म करने में मदद करता है, इस दवा की ख़ास बात ये है की लुआब या बलग़म को पकाती नहीं है और ना तो बलग़म को फेफड़ा में ख़ुशक होने देती है ये दवा इतरीफ़ल दायमी नज़ला लुआब को फ़ासिद होने से बचाती है और पेवस्त होने वाली ताक़त को मुतहर्रिक करके आज़ाए रईसा की और ऐसाब की ताक़त को बढ़ाने में मदद करती है।

माजून शबाबे कलबिया का ख़ास फ़ायदा यह है।

माजून शबाबे कलबिया का ख़ास फ़ायदा यह है: ख़ून की पैदाइश को बड़े तेज़ी से बढ़ाता है और हर तरह की कमज़ोरी को ख़तम करता है, आजाए रईसा, दिल, दिमाग़, जिगर, मेदा, गुर्दा, मसाना, एसाब, और पुट्ठों को फेफड़ा की ताक़त को बढ़ाता है और कुव्वते मुदाफियत पैदा करता है। बार बार पेशाब आना और बच्चों का बिस्तर पर पेशाब करने वाली बीमारी को ख़तम करता है, यह माजून कुव्वते मुदाफियत को इतना बढ़ाता है के बीमारी कमज़ोर हो जाती है, बीमार मरीज़ सेहत और तंदुरुस्ती की तरफ़ बढ़कर बीमारी से छुटकारा पा लेता है, इस माजून को बिना किसी बीमारी के बेज़रूरत सिर्फ़ एसाबी ताक़त बढ़ाने के लिए जिस्म के हर आज़ा की ताक़त को क़ाएम रखने के लिए इस्तेमाल कर सकते हो, यह माजून एक बेहतरीन नाबाताती टॉनिक है।

सर्दी हरन तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

सर्दी हरन तेल की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: बच्चों का सर्दी, ज़ुकाम, नज़ला, खांसी की बीमारी में पैर के तलवे पर लगाने से आराम मिलता है, जिन बच्चों को बार-बार सर्दी, खांसी, न्यूमोनिया होते रहता है, अपने बच्चों के सीना, पीठ, गर्दन, पैर के तलवे पर मालिश करने से आराम मिलता है, यह तेल नसों में गर्मी के साथ ताक़त पैदा करता है, गोश्त, चमड़े पर गर्मी का असर होते ही सर्दी ठंडी ख़तम हो जाती है। सुखन्डी सूखा रोग को ख़तम करने में मदद करता है, यह तेल बच्चों की मालिश करने से सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

मलारिया हुम्मा टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है।

मलारिया हुम्मा टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है कि यह हर प्रकार के बुख़ार को ख़तम करने में मदद करता है, मलेरिया बुख़ार, सफरावी बुख़ार, फेफड़ों की ख़राबी से होने वाला बुख़ार, मेदा की ख़राबी, जरासीम से होने वाले बुख़ार को ख़तम करने में मदद करता है, जिगर, मेदा, फेफड़ा, दिमाग की झिल्ली के वरम को ख़तम करता है, इस वरम से होने वाले बुख़ार को ख़तम करने में मदद करता है, ख़ासकर जूड़ी(ठंडी) बुख़ार में मददगार है।

मतली हरन टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

मतली हरन टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: बद हज़मी, क़ह, उल्टी, मतली, हिचकी, पेट दर्द, मरोड़, रियाही फ़साद को ख़तम करता है, गाढ़ी रियाह को पतला करके बाहर निकालता है। पेट और रियाह की गलाज़त को साफ़ करके सेहत के नियम को सादिर करता है, खाने को हज़म करने में मदद करता है, मेदा, जिगर के ज़हरीले असरात को ख़तम करता है, भूक को बढ़ाता है।

कंगारू तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

कंगारू तेल की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: यह तेल नसों की ताक़त को बढ़ाता है, मुर्दा बे जान नसों की अकड़न को ख़तम करता है, नसों में लचक पैदा करके बंद नसों में फिर से खून दौड़ने के लायक बनाता है, किसी भी जगह नस बंद होकर दौराने खून रुक गया हो या नस चिपक कर आधी-अधूरी हो गई है, दौराने खून रुक-रुक कर दबाव से चल रहा हो और इस दबाव से दर्द हो रहा हो तो यह कंगारू तेल अपनी गर्मी से नस में नरमी पैदा करके नस को सीधा गोल-कद्रती हालत में लाता है, इसलिए नसों का दर्द हमेशा के लिए ख़तम कर देता है और नसों की ताक़त को बढ़ाता है, दिल के मकाम का दर्द हो या सीना, पीठ, कमर, पुट्ठा में नसों का दर्द हो या गरदन की नस चढ़ी हुई नस और दर्द को ख़तम करता है और हर जगह की कमज़ोर नस की ताक़त को बढ़ाकर उसे मज़बूत करने में मदद करता है, नसों का बेरूनी टॉनिक है।

मुकव्वी दिमाग़ तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

मुकव्वी दिमाग़ तेल की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: दिमाग़ को ताक़त देता है, याददाश्त को बढ़ाता है और तेज़ करता है, दिमाग़ के खुलिया(cell) को दिमाग़ के नसों की ताक़त को बढ़ाता है, दिमाग़ की सर्दी खुशकी को ख़तम करके ऐतेदाल पर लाता है और बालों की जड़ों को मज़बूत करता है, बालों को टूटने, झड़ने से बचाता है, झड़ते बालों को रोकने में मदद करता है, बालों की ताक़त को बढ़ाता है, दिमाग़ के ऊपर की हड्डियों, झिल्लियों को और ख़ाल के रेशों को ताक़त देता है, ख़ाल के रेशों में गलीज़ पानी को ख़तम करके नया बाल उगाने में मदद करता है, बालों की सियाही को कायम रखता है, आधे या पूरे सिरदर्द को ख़तम करता है, गहरी नींद पैदा करता है, दिमाग़ की थकावट को दूर करता है, दिमाग़ की मज़बूती जिस्म के बादशाह का ताक़तवर होना है, जब दिमाग़ में ताक़त आएगी तो बीमारी जाएगी, सिर्फ़ जड़ी-बूटियों को पका कर बनाया गया तेल है, ना ठंडा ना गरम और जड़ी-बूटी की महक के अलावा कोई ख़ुशबू नहीं है।

जोहरी टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

जोहरी टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है: लुआब के अंदर हरारते अज़ीज़िया और एसाबी जौहर की पैदाइश को बढ़ाता है, एसाब की नसों यानी सफेद लुआबी की नसों और एसाबी झिल्लियों की ताक़त को बढ़ाता है, एसाब को ठोस मजबूत करने में मदद करता है, एसाब की कमज़ोरी को ख़तम करता है, कुव्वते-मुदाफ़िअत को बढ़ाता है, फेफड़े के अंदर की सर्दी को ख़तम करता है, न्यूमोनिया और सर्दी-नज़ला-ज़ुकाम-खांसी को रोकने में मदद करता है, लुआबी आज़ा और नसों हड्डियों का भुरभुरापन और कमज़ोरी को ख़तम करता है, लुआब से पैदा होने वाली बीमारियों को ख़तम करता है, लुआब को फासिद होने से बचाता है और लुआबी आज़ा की ताक़त को बढ़ाने में मदद करता है।

लकवानी तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

लकवानी तेल की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: जिस्म के किसी भी हिस्से की नसों में तंगी पैदा हो गई है और दौरान खून के दबाव से दर्द हो रहा है या नसों में सर्दी खुशकी पैदा होकर नस कमज़ोर और मुर्दा होकर नस बंद हो गई हो या नस चिपक कर आधी-अधूरी बंद हुई हो और खून के दबाव से दर्द हो रहा है तो ऐसे हर तरह के दर्द को ख़तम करने में मदद करता है और जिस्म के किसी भी आजा के रेशा और पुट्ठों में लुआबी एसाबी खुलिया के अंदर से पुराना चोट मोछ, गठिया या गरदन, पीठ, कमर का दर्द हो या हाथ, पैर, छाती, सीना में दर्द हो रहा हो तो ऐसे सभी तरह के दर्द से तुरंत आराम पाने के लिए लकवानी तेल का इस्तेमाल करें, अरकुन्निसा (Sciatica) या फ़ालिज लकवा की बीमारी हो तो इस तेल की मुसलसल मालिश करने से हर जगह की नसों में गर्मी और ताक़त पहुँचाकर नस को सीधा करके बीमारी को ख़तम करने में मदद करता है, इस तेल को बेज़रूरत इस्तेमाल करके ज़रूर आज़माईश करें अपने अंदर ताक़त के साथ राहत और कुव्वत महसूस करेंगे और इस तेल के इस्तेमाल करते रहने से एसाबी नसों की बीमारियों के आने का ख़तरा कम हो जाता है।

फ़ानूस तेल का ख़ास फ़ायदा यह है।

फ़ानूस तेल की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: जलने, कटने, फटने, चोट, मोच, छोटे बड़े ज़ख़्म का बहता हुआ ख़ून तुरंत रोकने में मदद करता है और हर तरह के ज़ख़्म पर मुसलसल लगाते रहने से बहुत जल्द ज़ख़्म भर जाता है, ज़ख़्म खुशक होने के बाद ज़ख़्म का दाग बाक़ी नहीं रहता है, कान दर्द, मसूढ़ा दांत मुँह ज़बान का छाला, ज़ख़्म सूजन ख़तम करता है, आग या तेल से जलने के बाद जले हुए ज़ख़्म पर लगाते रहने से दर्द जलन तुरंत ख़तम करता है और बड़े तेज़ी से ज़ख़्म को खुशक कर देता है, चमड़े पर जलने का दाग बाक़ी नहीं रहता और बवासीर का मस्सा ठोंठा हो या पूरी कांच बाहर आती हो या औरतों की शर्मगाह बाहर की ओर निकल आती हो तो फ़ानूस तेल मुसलसल लगाते रहने से प्राकृतिक स्थिति पर लाने में मदद करता है और छोटे बच्चों के दांत निकलने के वक़्त हाथ की उंगली में तेल लगाकर बच्चे के मसूढ़ों पर लगा देने से दांत आसानी से निकल आता है और बच्चे के गले में मसूढ़ों में और दिमाग की झिल्ली पर अंतड़ियों के अंदर का सूजन ख़तम करता है, इसलिए सूजन की वजह से बार बार होने वाले बुख़ार से निजात और राहत के साथ सूजन से होने वाली बीमारियों को ख़तम करने में मदद करता है।

जामुनी मेथी टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

जामुनी मेथी टैब्लेट शुगर घटाने की दवा नहीं है, जामुनी मेथी टैब्लेट शुगर को ऐतेदाल पर रखने वाले निज़ाम को मुतहर्रिक करती है और शुगर बढ़जाने वाली बीमारी के आने के बाद मरीज के अंदर हर तरह की कमजोरी पैदा हो जाती है और मरीज अपनी उम्र से 30 साल आगे चला जाता है क्योंकि शुगर के मरीज का खाना हज़म होने के बाद गिज़ा से जो लुआब तय्यार होता है यह लुआब कुछ मरीजों का पचास फ़ीसदी हज़म होता है और कुछ मरीजों का लुआब सत्तर से अस्सी फ़ीसदी हज़म होता है, इसी लिए शुगर के मरीज का पूरा जिस्मानी निज़ाम कमजोर हो जाता है, जामुनी मेथी टैब्लेट मेदा लीवर छोटी बड़ी अंतड़ियों को एसाबी नसों झिल्लियों को और लुआबी आजा को और शुगर को कंट्रोल करने वाले आजा लबलबा(pancreas) को ताक़त देकर ये सारे आजा को मुतहर्रिक करके गिज़ा से तय्यार होने वाला लुआब और प्रोटीन लुआबी आज़ा में पेवस्त होकर हज़म होजाएगा तो आपके जिस्म की हर आज़ा के साथ आपका लबलबा ताक़तवर मज़बूत होजाएगा और यही लबलबा ढीला कमजोर होने से शुगर की बीमारी शुरू होती है जब आपका लबलबा प्राकृतिक हालत में आजाएगा तो शुगर की बीमारी हमेशा के लिए ख़तम हो जाती है, जामुनी मेथी टैब्लेट ताक़त बढ़ाने की दवा है जिस आजा की ख़राबी से शुगर की बीमारी होती है ये दवा से हर आजा के अंदर हाज़मे की ताक़त बढ़ाने की ख़ूबी मौजूद है शुगर की बीमारी को मुकम्मल ख़तम करने के लिए ये पूरी दवा को एक साथ इस्तेमाल करने से मदद मिलती है, जामुनी मेथी टैब्लेट लुआबी आजा के अंदर लुआब को पेवस्त हज़म करने की ताक़त को बढ़ाता है, माजून कलबिया मोतदिल दिमाग की नसों को और जिस्म के हर आजा की नसों को और एसाबी नसों झिल्लियों को मुतहर्रिक करके दिमाग के रेशा खुलिया की ताक़त को बढ़ाता है और याकूत मुकव्वी ख़ास टैब्लेट लुआब की पैदाइश को बड़े तेज़ी से बढ़ाता है पूरे जिस्म की नसों हड्डियों जोड़ों को और लुआबी आजा की ताक़त को बड़ी तेज़ी से बढ़ाता है और ठोस मज़बूत बनाने में मदद करता है, जामुनी मेथी टैब्लेट के साथ ये दोनों दवा का इजाफ़ा करने से शुगर को ख़तम करने में आसानी पैदा होती है और हर तरह की ताक़त का इजाफ़ा होता है और शुगर से होने वाली कमजोरी ख़तम हो जाती है और शुगर की बीमारी को हमेशा के लिए ख़तम करने में मदद करता है।

ज्वाला ख़ास टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा।

ज्वाला ख़ास टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है कि लुआब के अंदर की सर्दी और ख़ुश्की को ख़तम करता है, लुआब के अंदर से और लुआबी आजा के अंदर का ठंडापन ख़तम करता है और लुआबी आजा के अंदर लुआब को और लुआबी जौहर को पेवस्त करने में मदद करता है और लुआब को फ़ासिद होने से बचाता है। यह सर्दी खांसी की दवा नहीं है लेकिन सर्दी खांसी की जड़ को ख़तम करता है और बलगम को खुश्क होने और बलगम को पकने से बचाता है और लुआब को उसके असल मकाम पर पेवस्त करके लुआबी आजा की ताक़त को बढ़ाने में मदद करता है। दिल, दिमाग, फेफड़े, जिगर, गुर्दा के ऊपर की झिल्ली को ठोस मजबूत और ताक़तवर बनाने में मदद करता है और ख़ास बात यह है कि पूरे जिस्म का सबसे महत्वपूर्ण सबसे ख़ास हिस्सा और पूरे जिस्म को मरीज़ बनाने वाला पूरे जिस्म को बूढ़ा करने वाला और पूरे जिस्म को नौजवानी पर कायम रखने वाला हिस्सा यही झिल्ली है, क्यूंकि दिमाग की झिल्ली के बिना दिमाग आइसक्रीम है और दिल, जिगर, गुर्दा झिल्ली के बिना मुंजमिद(जमा हुआ) खून है और फेफड़े की झिल्ली के बिना बुलबुला फूगा है। ज्वाला ख़ास टैब्लेट दिमाग के ऊपर की झिल्ली के ऊपर से होकर पूरे जिस्म की हर आजा में मौजूद लुआबी झिल्ली और सफ़ेद बिना खून वाली लुआबी नस यानी एसाबी आजा की ताक़त को ठोस मजबूत और ताक़तवर बनाने में मदद करता है।

मगज़ीन टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है।

मगज़ीन टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है: छोटी बड़ी अंतड़ियों के अंदर पेट की हर तरह की कीड़ी को ख़तम करता है और लुआबी आज़ा लुआबी रेशा खुलिया और लुआब के अंदर मौजूद हर तरह की जरासीम, वायरस, फफूंद और कीड़ियों को ख़तम करता है और अंदरूनी बेरूनी हर तरह की गांठ, गिल्टी, फोड़ा, फुंसी, छाला, अल्सर, अपेंडिस और हर तरह के ज़ख़्म के अंदर से हर तरह की जरासीम, वायरस, कीड़ी को ख़तम करता है और नासूर कैंसर बन जाने से रोकता है यानी होने वाले कैंसर नासूर की बीमारी को ख़तम करता है लुआबी आज़ा की जरासीम, वायरस, कीड़ी और तअफ़्फ़ुन को ख़तम करके एसाब, हड्डी और नसों और लुआबी झिल्ली को ठोस मज़बूत होने में मदद करता है।

बंदिश जुलाब टैब्लेट का फ़ायदा यह है।

बंदिश जुलाब टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: जुलाब, पेचिश को रोकने में मदद करता है, जिगर मेदा आंत के अंदर फासिद रुतूबत की रियाह को तोड़कर जुदा करता है, छोटी बड़ी आंत की अंदरूनी परत के वरम को खत्म करके जुलाब और पेचिश की बीमारी को दूर करता है, मरोड़ के साथ या बार-बार संडास का जाना, जिगर मेदा या अंतड़ियों की खराबी से बार-बार संडास जाने की बीमारी को खत्म करने में मदद करता है।

निहायतुल यरकान टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

निहायतुल यरकान टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: निज़ामे सफ़रा को ऐतेदाल पर लाता है, यरक़ान(पीलिया) की बीमारी को ख़तम करने में मदद करता है, सफ़रावी बुख़ार को रोकता है, जिगर मेदा की ताक़त को बढ़ाकर सूजन वर्म को ख़तम करता है, जिगर (लीवर) की बेतरतीबी को ख़तम करके ऐतेदाल पर लाता है, लुआबी रुतूबत और खून के अंदर की गलाज़त को साफ़ करता है, सफ़रा को कम करता है, यरक़ान (पीलिया) की बीमारी ख़तम करने में मदद करता है, सफ़रावी बुख़ार में फ़ायदेमंद है।

पैगामे शिफ़ा टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

पैगामे शिफ़ा टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है: ख़ासकर पेट जिगर हाज़्मे की ताक़त को बढ़ाता है, खूब ज़्यादा खाया जाए खूब ज़्यादा हज़म करता है, लुआब के अंदर ताक़त देने वाली गर्मी पैदा करके लुआबी आज़ा और एसाब और पुट्ठों की ताक़त को बढ़ाता है, माद्दए मन्विया के अंदर हरारते अजीजिया को बढ़ाता है, मनी को गाढ़ा करता है, गुदूदे मन्विया को ताक़त देता है, वीर्य किटाणु बढ़ाने में मदद करता है, चालीस साल के बाद की कमज़ोरी को ख़तम करके जिस्म के हर आज़ा को ठोस मज़बूत करने में मदद करता है और कुव्वते बाह की ताक़त को हमेशा क़ाएम रहने में मदद करता है।

पत्थर चट्टा टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

पत्थर चट्टा टैब्लेट की ख़ास सिफ़त यह है: हर जगह की पथरी को गलाकर ख़तम करने में मदद करता है, गुर्दा मसाना यानी किडनी या पेशाब की थैली या पित की थैली में पत्थर मौजूद है तो बड़े आसानी के साथ और बिना किसी नुक़सान और बिना किसी तकलीफ़ के पत्थरी हमेशा के लिए ख़तम हो जाती है। अब पत्थरी को ख़तम करने का आसान रास्ता और बेहतरीन तरीक़ा यह है कि सब से पहले आप ताज़ा रिपोर्ट निकालो, पत्थर की साइज़ क्या है, उसके बाद पत्थर चट्टा टैब्लेट का इस्तेमाल शुरू कर दो। इस दवा को दो महीना तक इस्तेमाल करो, उसके बाद तुरंत दुसरी रिपोर्ट निकाल कर दोनों रिपोर्ट को सामने रख कर देखो कि सोनोग्राफी में पत्थरी की पोज़िशन क्या है, पत्थरी ख़तम हो गई है या कुछ हिस्सा बाक़ी है। अगर पत्थरी छोटी है तो दो महीने में मुकम्मल ख़तम हो जाती है और अगर पत्थरी की साइज़ बहुत बड़ी है और साथ में छोटी बड़ी बीस एम एम के साथ में और भी अलग अलग साइज़ का दो चार पत्थर मौजूद है तो आपको दो मरतबा सोनोग्राफी कराने से और दो महीना तक दवा को इस्तेमाल करने के बाद हक़ीक़त और सच्चाई का रास्ता मालूम होजाएगा और आप अपने लिए बेहतरीन फैसला और अपना फ़ायदा नुक़सान अपने आप से मालूम कर सकते हो। अगर पत्थरी गुर्दा मसाना में है तो यह पत्थरी बड़े आसानी के साथ दो तीन महीने में हर तरह की पत्थरी ख़तम होजाती है और अगर पत्थरी पित की थैली में है तो किडनी की पत्थरी से कुछ वक़्त ज़्यादा लगता है। पत्थर पित की थैली में है या किडनी में पत्थर है, दोनों जगह का पत्थर मुकम्मल ख़तम होजाता है, बस साइज़ के हिसाब से कम या ज़्यादा वक़्त लगता है लेकिन ख़तम ज़रूर होता है। पित की थैली और किडनी या पेशाब की थैली का पत्थर ख़तम करने का हमारा तरीक़ा इस्तेमाल करो, पहले रिपोर्ट निकालो, उसके बाद दवा को इस्तेमाल करो, उसके बाद दोबारा रिपोर्ट निकाल कर बेहतरीन रास्ते की जानकारी हासिल करके अपनी और दूसरों की तकलीफ़ ख़तम करने का ज़रिया बन जाओ, नेकी कर दरिया में डाल।

दायेमी बुख़ार टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

दायेमी बुख़ार टैब्लेट की कामयाब और ख़ास सिफ़त यह है: नया पुराना बुख़ार हो या मौसम का बुख़ार हो, या सर्दी खांसी के साथ बुख़ार हो, या ठंडी के साथ शरीर में दर्द मुंह का ज़ायेका ख़राब होने के साथ बुख़ार होता है, तो उसे ख़तम करने में मदद करता है। अगर सर्दी खांसी के साथ बुख़ार है तो सिर्फ़ दायेमी बुख़ार टैब्लेट का उपयोग करें और अगर सिर्फ़ बुख़ार है, काफ़ी दिनों से तकलीफ ख़तम नहीं हो रही है तो दायेमी बुख़ार के साथ बरगीन टैब्लेट का इज़ाफ़ा करें यह दोनों दवा को एक साथ चलाने से हर प्रकार के बुख़ार को ख़तम करने में मददगार है।

माहेरवाँ टैब्लेट का ख़ास फ़ायदा यह है।

माहेरवाँ टैब्लेट की ख़ास सिफ़त और कामयाब फ़ायदा यह है: हैज़ बंद हो गया हो या पेड़ू, कमर, जांघ, पैर में खिंचाव दर्द के साथ हैज़ आता हो या एक दो दिन तक हैज़ जारी होकर बंद हो जाता है, तो माहेरवाँ टैब्लेट बच्चा दानी (रहम) की हर तरह की तकलीफ़ को ख़तम करने में मदद करता है। बच्चा दानी (रहम) के रेशों को मुतहर्रिक करके मनी को ठहरने और उसमें अंडा बनाने में मदद करता है, रहम की दूसरी कई तरह की बीमारियों को ख़तम करता है और बच्चा दानी को ताक़त देता है, रहम की कमज़ोरी को ख़तम करके उसे मुतहर्रिक रखने में मदद करता है।

सलाम फार्मेसी® यूनानी कम्पनी

आलमगीर हाज़िक नाम की इस वेबसाइट पर हमारी कम्पनी की हर दवा को ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं और आलमगीर हाज़िक की किताब को हर ज़बान में लोड कर सकते हैं और हर बीमारी की मुकम्मल तफ्सील वेबसाइट और YouTube चैनल पर वीडियो की शकल में मौजूद है उसका फायेदा उठा सकते हैं।

Website:AALAMGIR-HAZIQ.COM
YouTube Channel:AALAMGIR-HAZIQ

इस वेबसाइट पर जाकर आलमगीर हाज़िक नाम की किताब को हर ज़बान में Google Translate करके किताब को लोड करें

Website:SALAMPHARMACYUNANI.COM
Mobile No.:9172154577/9763383553

डीलर का नाम,
पता और
मोबाइल नंबर